**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय**
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विवि में प्रो. शीतांशु की दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

वर्धा दि. 9 नवंबर 2012: सुविख्यात शैली तथा भाषाविज्ञानी प्रो. पाण्डेय शशिभूषण शीतांशु द्वारा लिखित पुस्तक अद्यतन भाषाविज्ञान प्रथम प्रामाणिक विमर्श का विमोचन गुरूवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ के सभागार में भाषा विद्यापीठ के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. उमाशंकर उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक प्रो. शीतांशु तथा साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. के. के. सिंह मंचस्थ थे। प्रो. शीतांशु द्वारा लिखित एक अन्य पुस्तक 'विसंरचनात्मक आलोचना अर्थ की सर्जना' का विमोचन साहित्य विद्यापीठ में प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन के द्वारा किया गया।



विमोचन के अवसर पर प्रो. उपाध्याय ने प्रो. शीतांशु को भाषा विज्ञान पर हिंदी में लिखी पुस्तक के बारे में बधाई दी। यह पुस्तक कुल चार खंडो में विभाजित है। इस पर प्रो. उपाध्याय ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन भाषा

प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पांडे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन भाषा विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार दुबे ने प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर साहित्य विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. रामानुज अस्थाना, सहायक प्रोफेसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, भाषा विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर धनजी प्रसाद, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे सहित छात्र एवं छात्राएं प्रमुखता से उपस्थित थे।

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी